

# रपटे में बाईक के साथ बहे तीन युवक, दो को बचाया, एक की मौत

**खास बातें**

- ग्राम पिपलियाहाट के पास रपटे का मामला
- बारिश से ओवरफ्लो रपटे को बाईक के साथ पार कर रहे थे युवक





**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 27 जुलाई, क्षेत्र के मुगलसराय पिपलियाहट रोड पर ग्राम पिपलियाहट के समीप बने रपटे के ऊपर से बह रहे पानी के बीच रपटे को बाईक से पार कर रहे तीन युवक रविवार को सुबह पानी में बह गए. इस दौरान रपटे के पास मौजूद ग्रामीणों ने दो युवकों को बचाकर पानी से बाहर निकाला. जबकि घटना में एक युवक पानी में बह गया. बाद में प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रशासन द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक की खोजबीन की गई. जिसके बाद युवक का शव रपटे से थोड़ी दूरी पर मिला. बाद में मृतक युवक के शव को स्थानीय चिकित्सालय भेजकर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया.**

क्षेत्र में इन दिनों बारिश का दौर जारी है. जिससे क्षेत्र के कई नदी, नाले, रपटे उफान पर है. जानकारी के अनुसार क्षेत्र में हो रही बारिश से मुगलसराय पिपलियाहट रोड पर ग्राम पिपलियाहाट के समीप बने रपटे के ऊपर भी पानी आ गया. इस दौरान रपटे पर पानी होने के बावजूद रविवार की सुबह तीन युवक बाईक के साथ ओवरफ्लो रपटे को पार करने की कोशिश करने लगे. इस दौरान वहां मौजूद पुलिस, कोटवार एवं ग्रामीणों द्वारा युवकों को रोकने की कोशिश की गई. बावजूद इसके युवकों ने अपनी बाईक ओवरफ्लो रपटे पर डाल दी. जिससे बाईक अनियंत्रित होकर रपटे के ऊपर बह रहे पानी के साथ बह गई. इस दौरान बाईक के साथ मूडराधर्मू निवासी दो युवक भोला एवं अरविंद तथा धमऊखेड़ी निवासी युवक पवन भी पानी में बह गए. इसके बाद मौके पर मौजूद कोटवार एवं ग्रामीण अभिषेक के साथ ही ग्रामीणों द्वारा युवकों को बचाने का प्रयास किया गया. इस दौरान मूडराधर्मू निवासी दो युवकों भोला एवं अरविंद को ग्रामीणों ने बचाकर पानी के बाहर निकाल लिया. जबकि धमऊखेड़ी निवासी युवक पवन पानी में बह गया.

इस रपटे पर प्रशासन द्वारा बेरीकेटिंग भी की गई थी. साथ ही पुलिस, कोटवार को तैनात किया गया था. पुलिस, कोटवार एवं ग्रामीणों के मना करने के बावजूद युवकों ने विवाद कर ओवरफ्लो रपटे को पार करने की कोशिश की. जिसके कारण यह हादसा हुआ है. उन्होंने बताया कि बारिश के कारण क्षेत्र की कई रपटे, नदी, नाले, पुलिया उफान पर हैं. जिसके चलते रपटे पर बैरिकेटिंग करने के साथ ही पुलिस तथा कोटवार की तैनाती की गई है. उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं. साथ ही बारिश में रपटे, पुलिया, नदी, नालों के ऊपर पानी होने पर उनको पार करने की कोशिश ना करें तथा प्रशासन को सहयोग करें. उन्होंने बताया कि मृतक को पात्रता अनुरूप से शासन की योजना अनुसार राहत राशि उपलब्ध कराई जावेगी. वही नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल ने बताया कि पिपलियाहट से मुगलसराय रोड पर ग्राम पिपलियाहट के समीप बारिश के कारण रपटे के ऊपर पानी था. इस ओवरफ्लो रपटे को रविवार की सुबह बाईक के साथ तीन युवक पार करने की कोशिश कर रहे थे. इस दौरान रपटे के ऊपर अनियंत्रित होकर बाईक के साथ तीनों युवक पानी में बह गए. मौके पर मौजूद ग्रामीण अभिषेक ने कोटवार एवं ग्रामीणों की मदद से दो युवकों को पानी के बाहर निकाल लिया. जबकि इस घटना में एक युवक की मौत हो गई. घटना के बाद प्रशासन द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाया गया. वहीं एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया. लेकिन इसके पूर्व ही रेस्क्यू टीम को मृतक युवक का शव रपटे से थोड़ी दूरी पर मिल गया. इसके बाद मृतक युवक के शव को स्थानीय चिकित्सालय भेजा गया. जहां पर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है.

## पानी कम होने पर किया रेस्क्यू

मामले की जानकारी मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी, नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल एवं थाना प्रभारी मुगलसराय प्रशासन के अधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. इस दौरान प्रशासन की टीम द्वारा रपटे पर पानी कम होने पर रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक की खोजबीन की गई. जिसके बाद रपटे से थोड़ी दूरी पर युवक का शव मिला. घटना में धमऊखेड़ी निवासी युवक पवन पुत्र कन्हैया लाल की मौत हो गई. जिसके बाद प्रशासन द्वारा युवक के शव को निकालकर स्थानीय चिकित्सालय भेजा गया. मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है. इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी ने बताया कि ग्राम पिपलियाहट के समीप रपटे के ऊपर बह रहे पानी के बीच बाईक के साथ तीन युवकों द्वारा रपटे को पार करने की कोशिश की गई. इस दौरान उनकी बाईक रपटे के ऊपर बह रहे पानी के साथ बह गई. इसके साथ तीनों युवक भी पानी में बह गए. युवकों के पिपलियाहाट से मुगलसराय की ओर जाने की जानकारी मिली है.

**एक नजर में**

## मातृशक्ति जलाभिषेक कांवड़ यात्रा पहुंची देवपुर

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज**, पवित्र श्रावण मास में इन दिनों क्षेत्र में चहुंओर भक्ति की बयार बह रही है. क्षेत्र में जगह-जगह विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है. पवित्र श्रावण मास में मातृशक्ति जलाभिषेक कांवड़ यात्रा का आयोजन रविवार को किया गया. यह कांवड़ यात्रा श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर हनुमान घाट पंचकुईयां से पूजा, अर्चना एवं महाभिषेक के पश्चात प्रारंभ हुई. जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर पहुंची. जिसमें बड़ी संख्या में माता, बहिनें शामिल हुई. इस अवसर पर तीर्थक्षेत्र देवपुर में बाबा विश्वनाथ जी का पूजन, अभिषेक किया गया. आयोजन समिति ने इस कांवड़ यात्रा को लेकर व्यापक तैयारियां की थी. इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.

## बड़बाला घाट पर होगी 117वीं महागंगा आरती

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**,माँ वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति परिवार जिला विदिशा मप्र के तत्वावधान में माँ वैत्रवती गंगा को साफ स्वच्छ सुंदर वारहमासी सदानीरा वनवाने शासन प्रशासन आम जनमानस ओर जन प्रतिनिधियों को जाग्रत करने ओर भोजपुर में माँ वेतवा जी और माँ नर्मदा जी का संगम कराने के संकल्प के साथ विगत सोलह वर्षों से एक एक दिन की गणना के साथ की जा रही ऐतिहासिक माँ वैत्रवती गंगा की नित्य गंगा आरती के आज 28 जुलाई सोमवार को 5851 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हर पचास दिन बाद की जानेवाली महागंगा आरतीयों की श्रंखला में गोधुली वेला में सांयकाल 6.30 बजे बडबाला घाट माँ वैत्रवती पुरम जिला विदिशा मप्र पर माँ वैत्रवती गंगा की 117 वीं महागंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है.





## करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष की उपस्थिति में हुआ कार्यकारिणी का गठन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** कपूर पैराडाइज गार्डन में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह चौहान की मौजूदगी में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हर्ष सिंह राजपूत ने जिले की सभी तहसीलों और नगर स्तर पर कार्यकारिणी का गठन किया और करणी सेना के राजपूत सरदारों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए और उन्हें नियुक्ति पत्र जारी गए. कार्यक्रम के शुभारंभ पर विप्र समाज के आचार्य पंडित मनोज शास्त्री, विष्णु प्रसाद शास्त्री, पंडित संजय पुरोहित ने सनातन धर्म और संस्कृति को बचाने हेतु करणी सेना के राजपूत सरदारों को धन्यवाद देते हुए गो संरक्षण, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आश्रय प्रदान करने संबंधी अनेक सुझाव दिए.अपने प्रेरक उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष चौहान ने संगठन की एकता हेतु राजपूत सरदारों से कटिबद्ध होने का आवाहन किया. अन्यथा समाज में बंटेंगे तो कटेंगे की स्थिति एकदम सन् निकट है.कार्यक्रम के अंत में हिंद प्रहरी संगठन के अध्यक्ष सौरभ सिंह राजपूत ने राजपूत और सर्व समाज के बंधु, माता भगिनियों का आभार व्यक्त किया.कार्यक्रम में पूर्व विधायक रुद्र प्रताप सिंह, दशरथ सिंह राठौड़, बसंत सिंह गंजबासौदा शैलेंद्र सिंह टीला खेड़ी ,राजाराम सिंह राजपूत, गोविंद सिंह राजपूत, गणपत सिंह पिथौली, जगदीश सिंह राजपूत ,सौरभ सिंह राजपूत, श्यामवीर सिंह राजपूत, अजीत सिकरवार आदि अनेक लोग उपस्थित थे.

## उदयपुर के प्राचीन मंदिर की दान पेटी तोड़ लाखों ले गये चोर

**चोरी का नहीं मिला सुराग, श्रद्धालुओं में आक्रोश**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 27 जुलाई,** उदयपुर के प्राचीन मंदिर की दान पेटी तोड़कर चोर लाखों रुपए लेकर भाग गये. मंदिर की सुरक्षा में लगा कर्मचारी जो रात्रि में मंदिर के अंदर ही सोता है वह कहां था रात्रि के समय जब चोरी हुई. सावन के महीने में उदयपुर के प्राचीन भगवान भोलेनाथ के मंदिर में बहुत अधिक चढ़ोतरी श्रद्धालुओं द्वारा की जाती है.सावन के महीने में पुलिस प्रशासन को विशेष सुरक्षा के इंतजाम करना चाहिए थे.श्रद्धालुओं का कहना है कि यहां खुलेआम चोर बदमाश घूमते रहते हैं.मंदिर के प्रांगण में उन्हें किसी भी समय देखा जा सकता है. उनके विरुद्ध कार्यवाही क्यों नहीं की गई .नशे का कारोबार भी यहां खुलेआम होता है.सावन के महीने में इस पर लगाम पुलिस को लगाना चाहिए. लाइट व्यवस्था भी पर्याप्त नहीं है जिसका लाभ चोरों ने उठाया है.

### चोरों का जल्द लगा लेंगे पता-एसडीओपी

गंजबासौदा एसडीओपी का कहना है कि पुलिस तहकीकात कर रही है.हम प्रयास करेंगे की सावन के महीने में मंदिर की सुरक्षा और देखरेख बढ़ाई जाए. जैसे ही पुलिस को उदयपुर के प्राचीन मंदिर में चोरी होने की जानकारी मिली.सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे और तहकीकात की कुछ लोगों से पूछताछ भी की जा रही है.माना जा रहा है चोरों का जल्द पता लग जाएगा.



### मंदिर में कैमरे, लाइट की भी दरकार

उदेश्वर मंदिर मे हुई चोरी की इतनी बड़ी घटना के बाद एएसआई का कोई भी बड़ा अधिकारी नहीं आया.सांची मे पदस्थ है अधिकारी जिनके अंडर मे आता है मंदिर.पिछले 2साल से नहीं है अधिकृत कर्मचारी. 4 वेतन भोगियों के भरोसे है मंदिर. जहाँ हजारों श्रद्धालु आते हैं. मंदिर खोलने व बंद करने का काम एएसआई के कर्मचारी का होता है.परंतु मंदिर की चाबी पुजारी के पास थी. ऐसा क्यों किसके कहने पर दी गई.मंदिर के चारों और बेसकीमती मुर्तियां रखीं हुईं हैं वे कितनी हैं रिकार्ड के मुताबिक उनकी जांच होना चाहिये.आखिर यह जांच कौन करेगा कब करेगा. मंदिर के अंदर से दान पेटी चोरी हो सकती है.खुली रखीं मुर्तियां कहां तक सुरक्षित रहेंगी.मंदिर प्रांगण में कैमरे, हेलोजन लाइट लगना चाहिए. जिससे मंदिर की सुरक्षा हो सके.

## हिंदू उत्सव समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, सिद्धेश्वरी मंदिर परिसर में रविवार को हरियाली तीज के पावन अवसर पर महिला मंडल द्वारा एक भव्य बैठक का आयोजन किया गया.इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ एक-दूसरे को सुहाग का सामान भेंट कर पर्व की शुभकामनाएं दीं.**

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी एवं अंजू मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.आयोजन के दौरान समिति द्वारा नवगठित महिला मंडल के पदाधिकारियों को सम्मानपूर्वक नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए.नियुक्ति पत्र समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी, संस्थापक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा एवं महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति सिद्धार्थ जैन द्वारा सौंपे गए.इस अवसर पर महिला मंडल की महामंत्री अनामिका पचौरी, भारती श्रीवास्तव, कुसुम मीना, कल्पना शर्मा, नीलम राजपूत, निधि सिकरवार सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित रहीं.

## कांवड़ यात्रा में गूंजे 'बम बम भोले' के जयकारे, श्रद्धा और भक्ति से सराबोर दिखीं महिलाएं

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**,सावन माह में आस्था की बयार एक बार फिर झील कुआं हनुमान मंदिर से निकली कांवड़ यात्रा के रूप में बही. रविवार को वार्ड क्रमांक 9 स्थित शिवालय से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भोलेनाथ के जयकारों के साथ कांवड़ यात्रा निकाली. श्रद्धालुओं ने बेतवा नदी के बड़वाले घाट से जल भरकर झील कुआं मंदिर लौटकर शिवलिंग पर अभिषेक किया.दोपहर 12 बजे पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुई यात्रा में महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रास्ते भर महिलाएं नृत्य करती रहीं और बोल बम के नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। एक घंटे की पदयात्रा के बाद सभी श्रद्धालु बड़वाले घाट पहुंचे, जहां मिट्टी से निर्मित पार्थिव शिवलिंग की पूजा की गई और सामूहिक आरती के साथ जयघोष किए गए. इसके उपरांत महिलाओं ने अपनी-अपनी कांवड़ में पवित्र जल भरा और फिर शिवालय की ओर लौट चलीं.मंदिर पहुंचकर सभी ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया, बेलपत्र अर्पित किए और भव्य आरती में भाग लिया. आरती के पश्चात प्रसादी वितरण हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में वार्डवासी सम्मिलित हुए. कार्यक्रम का आयोजन झील कुआं मंदिर आयोजन समिति द्वारा किया गया. आयोजन समिति के अध्यक्ष पूरनलाल कुशवाह और मंदिर के पुजारी राजू महाराज ने बताया कि बीते पांच वर्षों से यह कांवड़ यात्रा नियमित रूप से सावन माह में आयोजित की जा रही है। आयोजन में वार्ड की महिलाएं उत्साह से भाग लेती हैं और आयोजन की सफलता में योगदान देती हैं.कावड़ यात्रा में पूर्व पार्षद सुरेश मालवीय, भाजपा नेता अमित सोनी, हेमराज कुशवाह, विनोद शिल्पकार, विनोद मेहरा, संतोष मेहरा, सचिन सक्सेना सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं शामिल हुई. यहां हनुमान जी की प्रतिमा मंदिर के भू-तल पर एक मंजिला नीचे स्थित है, जहां प्रवेश करते ही भक्तों को दिव्य शांति का अनुभव होता है. वहीं ऊपरी मंजिल पर राम-जानकी मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें क्षेत्रवासी तन-मन-धन से सहयोग कर रहे हैं. मंदिर परिसर में हर वर्ष हनुमान जयंती के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है.



## होमगार्ड जवानों ने बेतवा को खंगाल कर महिला का शव निकाला

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई, गंजबासौदा में अम्बानगर के पास स्थित वेतवा नदी के घाट पर 25 जुलाई की शाम ग्राम मुटर्रा की एक महिला पार्थिव शिवलिंग का विसर्जन करते समय नदी किनारे पैर फिसलने के कारण तेज धार में बह गई थी. हालांकि परिजन और मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने के लिए प्रयास किया, किंतु तेज धार की वजह से महिला पानी में नहीं मिल रही थी, आखिर जिला पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी के निर्देश पर महिला की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेषन चलाया गया.**

होमगार्ड जवानों की कड़ी मेहनत से 48 घंटे बाद 27 जुलाई को एसडीआरएफ की टीम ने कुरवाई के ग्राम बरेठी के निकट स्थित इन्टकवेल में फसी एक बॉडी को निकाला. जिसकी पहचान ग्राम मुटर्रा की राजकुमारी दांगी पत्नि जसवंतसिंह उम्र 46 बर्ष, के रूप में की गई, मृतका के पुत्र सुनील दांगी पुत्र जसवंतसिह दांगी के द्वारा शव की पहचान किए के बाद मृतक का कुरवाई अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया. मामले में टीआई आरके मिश्रा ने बताया कि घटना में मर्ग कायम कर गंजबासौदा पुलिस को जांच हेतु भेजा गया है.रेस्क्यू ऑपरेशन में लगातार 48 घंटे लगी रही एसडीआरएफ की टीम के प्रभारी होमगार्ड सैनिक ओमप्रकाश दुवे ने बताया कि डिस्ट्रिक कमान्डेन्ट मयंक जैन के मार्गदर्शन में उनकी टीम के द्वारा 2 दिवस से लगातार रेस्क्यू चलाया जा रहा था, बासौदा से लेकर कुरवाई तक वेतवा नदी में लगातार खंगालने के बाद उनकी नाव में बैठे टीम के राजकुमार, रघुवीर, देवराज, अभिषेक, परमानंद, सुनील के द्वारा हिम्मत नहीं हारी गई, आखिर 27 जुलाई को उन्हें महिला का शव बरामद करने में सफलता मिली. इस मौके परएनडीआरएफ भोपाल की टीम भी तलाष करते हुए मौके पर पहुंच गई थी. अलग अलग चलाए गए सर्च ऑपरेषन में महिला को बरामद करना हम सबकी चुनौती थी.

**कार्यक्रम** | **स्वदेशी जागरण मंच का हुआ प्रशिक्षण वर्ग**

# हमारे देश में 37 करोड़ युवा बेरोजगार-दुबौलिया

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान जिला विदिशा का विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ इस विचार वर्ग में केशव दुबौलिया क्षेत्र संगठन मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ रामकिशोर अग्रवाल जिला सहसंघ चालक राष्ट्री य स्वयंसेवक संघ, एस.ए.टी.आई कॉलेज के संचालक योगेंद्र कुमार जैन,उद्योगपति दुष्यंत जैन नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष ज्योति शाह एवं स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान के विभाग संयोजक महिपाल सिंह राजावत मंच पर उपस्थित रहे.**



विचार वर्ग को संबोधित करते हुए केशव दुबौलिया ने कहा दुनिया के सभी देश स्वदेशी के बल पर खड़े हुए हैं.भारत को भी स्वदेशी ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करना पड़ेगा.जनमानस में देश में बने उत्पादों का उपयोग करने के लिए स्वदेशी जागरण मंच द्वारा जन जागरण अभियान चलाए जा रहे है जिससे देश के लोगों में स्वदेशी के प्रति भाव निर्मित हो,भारत की बेरोजगारी के संदर्भ में उन्होंने कहा देश में 37 करोड़ युवा बेरोजगार हैं. भारत में कोई भी सरकार आ जाए इस बेरोजगारी की समस्या को हल नहीं कर सकती युवाओं को शिक्षा पाकर नौकरी करने का भाग त्यागना होगा और उद्यमिता का विचार मन में लाना पड़ेगा जिससे बहे स्वयं तो रोजगार सी लगेंगे ही साथ में अन्य कई लोगों को रोजगार उपलब्ध करा पाएंगे,सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं.जिनका लाभ आज के युवा ले सकते हैं.एसएटीआई कॉलेज के संचालक योगेंद्र कुमार जैन, उद्योगपति दुष्यंत जैन,, स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत के विभाग संयोजक महिपाल सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया. द्वितीय सत्र चर्चात्मक सत्र रहा जिसमें विदिशा जिले के कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे. तृतीय समापन सत्र में स्वदेशी जागरण स्वावलंबी भारत अभियान कार्यकर्ताओं की कार्य पद्धति एवं जनमानस तक स्वदेशी विचार को पहुंचाने के लिए योजनाएं तैयार कीं.

# वक्फ संपत्ति के संरक्षण की मांग

**मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष को बताई समस्यायें**

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज**, तहसील वक्फ कमेटी के अध्यक्ष वाजिद कुरैशी के नेतृत्व में मुस्लिम समाजजनों द्वारा मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष को दो आवेदन पत्र सौंपे. जिसमें कहा गया है कि तहसील सिरोंज क्षेत्र में वक्फ बोर्ड की कृषि भूमि पर मस्जिदों की दुकान मकान पर अवैध कब्जे एवं कब्रिस्तानों और खाली पड़ी भूमि पर दबंग लोगों द्वारा कच्चे एवं पक्के दुकान मकान, गुमटियां और गेट लगाकर अवैध रूप से कब्जा कर दूसरे लोगों को किराए से दिये गए हैं. जिससे हर वर्ष लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है. तथा इन स्थानों से अतिक्रमण हटाने और सीमांकन कराये जाने की मांग को लेकर प्रशासन को कई बार आवेदन दिए गए. लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है. इसी प्रकार सिरोंज में स्थित नहर वाले कब्रिस्तान के नाम से बहुत पुराने कब्रिस्तान मौजूद है. और वर्तमान में चालू भी हैं. इस कब्रिस्तान में आने-जाने के लिए नहर को पार करना पड़ता है. मुस्लिम समाजजनों द्वारा लंबे समय से नहर पर पुलिया बनाए जाने की मांग की जा रही है. लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. तहसील वक्फ कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष को इन सभी समस्याओं से अवगत कराकर इनके निराकरण की मांग की हैं.

